**भारत सरकार**
**कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय**
**कृषि एवं किसान कल्याण विभाग**
**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 1949**
**17 मार्च, 2023 को उत्तरार्थ**

**विषय: आत्मा योजना के अंतर्गत कर्मचारियों को मानदेय**

**1949 श्री खीरू महतो:**

**क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

(क) क्या यह सच है कि झारखंड के रामगढ़ जिले में सरकार द्वारा चलाई जा रही कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन एजेंसी (आत्मा) योजना के तहत कृषि और किसान विकास संबंधी कार्यों में कई वर्षों से लगातार कार्य कर रहे प्रखंड स्तर के तकनीकी सहायकों और प्रबंधकों सहित कर्मचारियों को पिछले कई वर्षों से मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है;

(ख) क्या सरकार ऐसे कर्मचारियों को बकाया वेतन का भुगतान करने पर विचार कर रही है, यदि हां, तो कब तक, यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) विगत पांच वर्षों की अवधि का राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री (श्री नरेन्द्र सिंह तोमर)**

**(क) एवं (ख):** जी नहीं। केंद्र प्रायोजित योजना "विस्तार सुधारों के लिए राज्य विस्तार कार्यक्रमों के लिए सहायता" जिसे लोकप्रिय रूप से आत्मा योजना के रूप में जाना जाता है, इसका वर्ष 2005 से देश में कार्यान्वयन किया जा रहा है। वर्ष 2010 में इस योजना के तहत विभिन्न स्तर पर विशेषज्ञ और कार्यकर्ताओं को सहायता देने का प्रावधान किया गया था। [हालांकि, सेवा मामलों के साथ-साथ आत्मा योजना का जमीनी स्तर पर कार्यान्वयन राज्य सरकारों के अधिकार क्षेत्र में है।] इस योजना के दिशानिर्देशों में तैनात संविदा मानवशक्ति (संविदा कर्मियों) को पारिश्रमिक के भुगतान का प्रावधान है न कि मानदेय देने का।

**(ग):** आत्मा योजना (केंद्रीय शेयर) के तहत पिछले पांच वर्षों के दौरान राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों **(झारखंड राज्य सहित)** को जारी की गई धनराशि (केंद्रीय शेयर) का विवरण **अनुबंध-I** पर दिया गया है।

**रा.स.अता.प्र.सं.1949**

**अनुबंध-I**

**वर्ष 2017-18 से 2021-22 तक विस्तार सुधार (आत्मा) योजना के तहत जारी की गई निधियों का राज्य-वार और वर्ष-वार विवरण**

**(रु. लाख में)**

| **क्र.सं.** | **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र** | **2017-18** | **2018-19** | **2019-20** | **2020-21** | **2021-22** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | **जारी की गयी धनराशि** | **जारी की गयी धनराशि** | **जारी की गयी धनराशि** | **जारी की गयी धनराशि** | **जारी की गयी धनराशि** |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 1946.95 | 1885.59 | 1421.06 | 956.79 | 500.00 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 1282.62 | 1114.88 | 965.83 | 1132.39 | 900.00 |
| 3 | असम | 1331.04 | 610.78 | 607.08 | 1499.40 | 1000.00 |
| 4 | बिहार | 3801.55 | 1891.25 | 4978.53 | 7000.91 | 5400.00 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 1493.45 | 817.28 | 1567.90 | 1420.47 | 1100.00 |
| 6 | गोवा | 158.38 | 143.83 | 200.00 | 131.07 | 150.00 |
| 7 | गुजरात | 2689.78 | 2898.19 | 3085.45 | 3078.24 | 3285.35 |
| 8 | हरियाणा | 1166.49 | 1027.37 | 1080.75 | 1516.75 | 1425.00 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 961.70 | 1248.52 | 1300.00 | 1270.55 | 1500.00 |
| 10 | जम्मू और कश्मीर | 707.27 | 838.97 | 700.00 | 807.47 | 0.00 |
| 11 | झारखंड | 2601.20 | 1865.16 | 2142.95 | 2542.54 | 2250.00 |
| 12 | कर्नाटक | 1390.27 | 2583.81 | 2151.65 | 1922.55 | 2400.00 |
| 13 | केरल | 1149.28 | 818.87 | 1138.85 | 1431.48 | 1329.00 |
| 14 | मध्य प्रदेश | 3440.92 | 2784.93 | 3658.20 | 1974.26 | 3000.00 |
| 15 | महाराष्ट्र | 4525.07 | 3102.94 | 3825.60 | 4380.75 | 2500.00 |
| 16 | मणिपुर | 1013.75 | 473.99 | 784.43 | 631.87 | 675.00 |
| 17 | मेघालय | 633.77 | 390.40 | 954.28 | 834.79 | 675.00 |
| 18 | मिजोरम | 790.85 | 475.00 | 565.70 | 505.07 | 700.00 |
| 19 | नागालैंड | 1355.08 | 1327.65 | 1529.76 | 1142.24 | 1270.00 |
| 20 | ओडिशा | 3347.33 | 3555.77 | 3332.10 | 4525.57 | 3600.00 |
| 21 | पंजाब | 1795.93 | 945.95 | 912.37 | 1216.48 | 1250.00 |
| 22 | राजस्थान | 3292.04 | 2323.04 | 1934.94 | 2715.17 | 3200.00 |
| 23 | सिक्किम | 381.07 | 156.69 | 274.03 | 165.41 | 285.00 |
| 24 | तमिलनाडु | 3982.17 | 4540.90 | 3951.80 | 4417.64 | 2750.00 |
| 25 | तेलंगाना | 1503.80 | 270.00 | 449.40 | 547.19 | 450.00 |
| 26 | त्रिपुरा | 528.82 | 472.94 | 548.94 | 528.55 | 290.00 |
| 27 | उत्तर प्रदेश | 6383.85 | 8576.33 | 10063.40 | 8209.78 | 9600.00 |
| 28 | उत्तराखंड | 854.65 | 437.35 | 1200.00 | 752.24 | 1000.00 |
| 29 | पश्चिम बंगाल | 4244.92 | 3942.49 | 3810.50 | 4863.84 | 2500.00 |
| 30 | अंडमान एवं निकोबार | 117.86 | 150.00 | 130.00 | 130.00 | 130.00 |
| 31 | पुडुचेरी | 163.00 | 81.50 | 140.00 | 82.50 | 100.00 |
| 32 | दिल्ली | 0.00 | 0.00 | 25.00 | 18.69 | 0.00 |
| 33 | लद्दाख | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 135.00 | 67.50 |
| **कुल** | | **59034.86** | **51752.37** | **59430.50** | **62487.65** | **55281.85** |

*******